# जनपद बाराबंकी

**दिनांक-29.09.2023**

**थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 02 शातिर मादक पदार्थ तस्करों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 305 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 30 लाख रुपये) व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बरामद-**

जनपद में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुमित त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में दिनांक 28.09.2023 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर मादक पदार्थ तस्करों 1. मो0 तुफैल पुत्र मो0 मुशीर 2. अबु सहमा पुत्र मो0 फारुख निवासीगण टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को कस्बा व थाना जैदपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 305 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 30 लाख रुपये) व घटना में प्रयुक्त एक अदद यमाहा F Z S मोटर साइकिल UP 32 MT 8386 बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 412/2023 धारा 8/21(C)/29/60(3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रुप से धनोपार्जन किया जाता है। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा टिकरा उस्मा निवासी जीशान से मारफीन खरीदकर जनपद बाराबंकी के आस-पास के जनपदों में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी बरामद वाहन के माध्यम से की जा रही थी। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. मो0 तुफैल पुत्र मो0 मुशीर निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी
2. अबु सहमा पुत्र मो0 फारुख निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

**बरामदगी-**

1. कुल 305 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 30 लाख रुपये)
2. घटना में प्रयुक्त एक अदद यमाहा F Z S मोटर साइकिल UP 32 MT 8386

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार पाण्डेय थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ।
2. उ0नि0 श्री सतीश कुमार दीक्षित थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।
3. उ0नि0 श्री अवधेश कुमार त्रिपाठी थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।
4. का0 ऋतुराज सिंह, का0 वीरेन्द्र कुमार थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।
5. का0 सुमित लाम्बा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।